53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.4 °c
अधिकतम 34.0 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:01, सूर्यास्त - 6:30 | वर्ष : 53/अंक : 250 बुधवार, 10 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

आदत और संस्कार बताते हैं कि हम 2 कौडी के हैं या 100 कौडी के।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा संख्या से जीती लेकिन यह उसकी नैतिक हार है : जयराम रमेश



इवीएम हैक... वोट चोरी.... इन सबसे अच्छा है यह बयान........

## उ.प्र. हाईकोर्ट के एक मामले में पेश न होने पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा के खिलाफ वारंट जारी करने के आदेश

**मुजफ्फरनगर, 09 सितंबर (बु.)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में पेश न होने पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा के खिलाफ वारंट जारी करने का आदेश दिया है। यह मामला नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलासपुर निवासी मोमीन की हिस्ट्रीशीट खोलने से जुड़ा है। हाईकोर्ट ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को वारंट तामील कराने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई तब हुई, जब मोमीन की हिस्ट्रीशीट खोलने के मामले में एसएसपी संजय कुमार वर्मा लगातार सुनवाई के चलते कोर्ट में अनुपस्थित रहे। यह आदेश पुलिस प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलासपुर निवासी मोमीन की हिस्ट्रीशीट खोलने के मामले में हाईकोर्ट में उपस्थित न होने पर हाईकोर्ट ने एसएसपी संजय कुमार वर्मा का वारंट जारी करने के आदेश दिए हैं।





कोर्ट में एसएसपी संजय कुमार वर्मा की तरफ से शपथ पत्र भी दाखिल नहीं किया गया था। नई मंडी क्षेत्र के बिलासपुर निवासी मोमीन की पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोली थी। हालांकि उसका कहना कि उसके खिलाफ बागपत थाने में मात्र एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने गलत तरीके से उसकी हिस्ट्रीशीट खोली है। इस मामले में मोमीन ने अपने अधिवक्ता के जरिये हाईकोर्ट में पुलिस द्वारा खोली गयी हिस्ट्रीशीट को लेकर याचिका दायर की। आरोप है कि हाईकोर्ट के द्वारा 6 सितम्बर को पारित एक आदेश का नियमानुसार पालन नहीं किया गया। उसके बाद हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद एसएसपी संजय कुमार ने न तो व्यक्तिगत रुप से हाईकोर्ट में उपस्थित हुए और न ही उनकी तरफ से कोई शपथपत्र दाखिल किया गया है। जिस पर नाराजगी जताते हुए हाईकोर्ट ने एसएसपी के खिलाफ जमानती वारंट जारी करने के आदेश देते हुए सीजेएम मुजफ्फरनगर के माध्यम से तामिल कराने के आदेश दिए है। हाईकोर्ट ने एसएसपी संजय सिंह वर्मा को 22 सितम्बर को मामले में पेश होने के आदेश दिए हैं।

## चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन होंगे भारत के नये उपराष्ट्रपति



**नयी दिल्ली 09 सितम्बर (वार्ता)** सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णनन देश के नये उप राष्ट्रपति चुने गये हैं। उन्होंने उप राष्ट्रपति के पद के चुनाव के लिए मंगलवार को हुए मतदान में विपक्षी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता मतों की गिनती के आधार पर 152 मतों के बड़े अंतर से हराया। निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने श्री राधाकृष्ण के निर्वाचित होने की घोषणा करते हुये बताया कि इस चुनाव में निर्वाचक मंडल के कुल 781 सदस्यों में से 767 ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया जो कुल मतों का 98.2 प्रतिशत है ।

मतगणना में वैध पाये गये 752 मतों में से श्री राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 मत और श्री रेड्डी को 300 मत मिले। पंद्रह मत अवैध पाये गये जिनमें डाक से प्राप्त हुआ एक मात्र मत भी शामिल था।

श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद कराये गये उपराष्ट्रपति पद के इस चुनाव के लिए अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की गयी थी और मतदान आज सुबह दस बजे से उपांच बजे तक नये संसद भवन में कराया गया। दोनों उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतगणना शाम छह बजे शुरू हुई और करीब डेढ़ घंटे बाद परिणाम घोषित कर दिया गया। उप राष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य होते हैं। इस चुनाव में निर्वाचक मंडल के सदस्यों की कुल संख्या 781 थी जिनमें लोकसभा के 442 और राज्यसभा के 239 सदस्य हैं। जीत के लिए प्रथम वरीयता के 377 मतों की जरूरत थी। श्री राधाकृणन को प्रथम वरीयता के 452 मत मिले जो दोनों सदनों में राजग सदस्यों की कुल संख्या से अधिक हैं।

बीजू जनता दल, भारत राष्ट्र समिति तथा शिरोमणि अकाली दल ने पहले ही मतदान में शामिल नहीं होने की घोषणा कर दी थी।

राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने श्री राधाकृष्ण को जीत की बधाई दी है। श्री रेड्डी ने भी उन्हें जीत की बधाई और शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

श्री राधाकृष्णन इस समय महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक सामान्य कार्यकर्ता से उठ कर देश के दूसरे सर्वाच्च संवैधानिक पर पहुंचे श्री राधाकृष्णन तमिलनाडु की राजनीति में एक सम्मानित नाम हैं। उनका सार्वजनिक जीवन में पांच दशक से अधिक का लम्बा अनुभव है और दक्षिण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का ध्वज लहराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

चार मई, 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे श्री राधाकृष्णन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक हैं। उन्होंने सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में शुरू किया और सन 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। उन्हें 1996 में तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सचिव नियुक्त किया गया। वे 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए तथा 1999 में वह पुनः लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। वह झारखंड के राज्यपाल भी रहे हैं।

**सी.पी. राधाकृष्णन (उपराष्ट्रपति)**

### मोदी ने सबसे पहले किया उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान

**नयी दिल्ली, 09 सितंबर (वार्ता)** उपराष्ट्रपति पद के लिए आज सुबह दस बजे मतदान शुरू हो गया जिसमें सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतदान किया। इस दौरान श्री के साथ संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह और नागरिक विमानन मंत्री राम मोहन नायडू मौजूद थे।

## मोडिफाइड कार से 25 लाख रुपये की कीमत का गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 09 सितंबर (बु.)।** ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत मुजफ्फरनगर पुलिस लगातार नशे की जड़े खोदने में लगी है। जिसके चलते मीरापुर पुलिस ने यूपी, हरियाणा व उत्तराखंड में गांजा की सप्लाई करने वाले गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है, जबकि एक साथी पुलिस की पकड़ से छुटकर फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से बरामद सेंट्रो कार से 68 किलो गांजा बरामद किया है। जिसको छुपाने के लिए कार को उसी के हिसाब से मोडिफाइड किया गया था। बरामद गांजा की कीमत मार्केट में लगभग 25 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि ऑपरेशन सवेरा के तहत जनपद पुलिस लगातार मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। सोमवार देर रात मीरापुर थाना प्रभारी बबलू कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक सेंट्रो कार को रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रोक लिया। पुलिस ने कार सवार रमेश निवासी कुटेनी रोड, दलवीर नगर, थाना किला, जिला पानीपत, हरियाणा को दबोच लिया, जबकि उसका साथी संजय निवासी विद्यानंद कालोनी वार्ड 12, जनपद पानीपत, हरियाणा फरार हो गया। पुलिस ने बरामद सैंट्रो कार की हेड लाइट, डिग्गी व स्पेशल बनाए गए बाक्स से 68 किलो गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की कीमत लगभग 25 लाख रुपए है। तस्करों ने कार को गांजा छिपाने के लिए मोडिफाइड किया हुआ था, जिससे वे चैकिंग में पुलिस को चकमा दे सके। पुलिस ने पकडे गए आरोपी का पूछताछ के बाद चालान कर दिया है।





### उड़ीसा से लाया जा रहा था गांजा

**मुजफ्फरनगर, 09 सितंबर (बु.)।** पुलिस ने बताया कि आरोपी उड़ीसा से गांजा लेकर आते है और यूपी, हरियाणा व उत्तराखंड के कई जनपदों में गांजा की सप्लाई कर रहे थे। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वे उड़ीसा से 4 हजार रुपए किलो के हिसाब से गांजा खरीदकर लाते हैं और अपने अन्य साथियों को 10 हजार रुपए किलो के हिसाब से बेचते हैं। उसके बाद पुड़िया बनाकर बेचने में इसकी कीमत लगभग 25 हजार रुपए तक पहुंच जाती है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने खुलासा करने वाली थाना मीरापुर पुलिस व उनकी सहयोगी सर्विलांस टीम को 20 हजार रुपए नगद इनाम देने की घोषणा भी की है।

## उत्तराखण्ड में गंगोत्री, यमुनोत्री हाईवे भूस्खलन के कारण बाधित

**देहरादून, 09 सितंबर(वार्ता)** उत्तराखंड में मानसून के दौरान गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे भूस्खलन के कारण बाधित हैं। जिससे दोनों धामों में आने वाले श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश से दोनों धामों को जोड़ने वाले मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हुई है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग तीन स्थानों पर बाधित है जबकि गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग मे भी दो जगहों से लगातार सड़क पर मलबा आ रहा है। यमुनोत्री मार्ग सिलाई बैंड, जंगल चट्टी,नारद चट्टी पर बाधित है, गंगोत्री हाईवे भटवाड़ी से आगे डबरानी के निकट बाधित है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि इन रूटों के मार्ग सुचारू होने में 10 से 12 दिन का समय लग सकता है। उन्होंने कहा गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग खुला हुआ है लेकिन मानसून की बारिश के कारण कई स्थानों पर संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण यमुनोत्री रूट मे खरसाली के आसपास काफी नुकसान पहुंचा है। इस मार्ग को दुरुस्त किए जाने का काम जारी है। उम्मीद है कि आगामी 10 से 12 दिनों मे क्षतिग्रस्त मार्ग को दुरुस्त कर लिया जाएगा, ताकि निर्विघ्न रूप से यात्रा का संचालन हो सके। उत्तराखंड को हर साल आपदाओं का सामना करना पड़ता है। जिसमें कई लोगों की जान चली जाती है। इस बार के मानसून सीजन मे भी उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों को भूस्खलन, बादल फटने की घटनाओं का का सामना करना पड़ा है। ऐसे में पहाड़ों में आ रही आपदाओं को लेकर राज्य सरकार शोध कार्यो की नीति पर विचार कर रही है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि इसको लेकर उन्होंने हमेशा नीति आयोग को कुछ सुझाव भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से हिमालयी क्षेत्रों के लिए शोध कार्य भी होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे संस्थान जो इस क्षेत्र में शोध करते हैं, और जिनके पास विशेषज्ञताएँ हैं। उन सभी का सहयोग लेकर हम इस दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में हिमालयी राज्यों के लिए केंद्र सरकार ने अनुदान भी बढ़ाया है, साथ ही आपदा के मदों मे भी परिवर्तन किया है।

## जाकिर कॉलोनी की 10 डेयरियों को नोटिस हुआ जारी, शिकायत के आधार पर हुई कार्रवाई

**पहले ही 200 डेयरियों को जारी हुआ था नोटिस**

**मुजफ्फरनगर, 09 सितंबर (बु)।** गंदगी फैलाने, गोबर को नालियों में बहाने को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग ने सख्त रवैया अपना लिया है। पहले ही 200 के लगभग डेयरियों को नोटिस जारी किया था। इनमें से लगभग 70 डेयरियों पर मुकद्दमा होने जा रहा है। इसी मामले में अब एकता विहार की जाकिर कॉलोनी में गंदगी फैलाने की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। आपको बता दें कि इन शिकायतों के आधार पर प्रशासन ने 10 दुग्ध डेयरियों पर कार्रवाई की गई है। 10 दुग्ध डेयरियों को नोटिस जारी किया गया है। हिंदू शास्त्रों में भी कहा गया है कि गौ-मूत्र और गोबर घर का प्रयोग से घर की समृद्धि बढ़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो गाय के गोबर से उपले बनाये जाते हैं, खाद के लिये भी गाय के गोबर का प्रयोग होता है। ग्रामीण महिलायें तो कच्चे मकानों में गोबर का लेप करती हैं। जीवन से लेकर मृत्यु तक गाय का गोबर प्रयोग में लाया जाता है। शहरों में भी गाय के गोबर का प्रयोग होता है, परंतु बहुत कम क्योंकि शहरों में खेती तो होती नहीं ना ही कच्चे मकान होते हैं। आग जलाने के लिये भी गैस पाइपलाइन का प्रयोग होता है। ऐसे में गोबर को नालियों में बहा दिया जाता है। बरसात के दिनों में जिस कॉलोनी में भी गऊ पालन यानि की डेयरियां होती हैं, वहां अक्सर देखने को मिलता है कि गोबर को फेंकने की सही से व्यवस्था ना होने के कारण गोबर को नालियों में फेंक दिया जाता है। आपको बता दें कि नालियों में गोबर बहाने पर नगर पालिका ने करीब 105 दूध डेयरियों को नोटिस जारी किया था। वहीं करीब 35 से अधिक दूध डेयरियों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया था। इनमें से कुछ दूध डेयरियों के द्वारा नगर पालिका में जुर्माना भी जमा कराया गया था। इन डेयरियों के पशुओं के गोबर के कारण पानी की निकासी लगातार प्रभावित होती है। पानी की निकासी न होने पर जलभराव का लोगों को सामना करना पड़ रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी अजय शाही के द्वारा उक्त 1240 दुग्ध डेयरियों का सत्यापन कराया जा रहा है।



## रामपुर तिराहा कांड में सुनवाई, कोर्ट में आज भी रहेगी जिरह जारी

**मुजफ्फरनगर, 09 सितंबर (बु.)।** सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी रामपुर तिराहाकांड से जुड़े मामले में मंगलवार को उत्तराखंड की ओर से एक गवाह को सीबीआई ने पेश किया। गवाह ने कोर्ट में बताया कि रामपुर तिराहे पर उसके होटल पर उत्तराखंड से आयी आंदोलनकारी महिलाए खाना खा रही थी। तभी कुछ पुलिसकर्मी वहां पर पहुंचे और महिलाओं को खींचकर ठाकुर के कमरे की तरफ खींचकर ले गए। इस बयान के बाद बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने भी उनसे जिरह की जिसके बाद कोर्ट ने अगली तारीख 10 सितम्बर तय की। आपको बता दे कि, विगत एक अक्तूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। आरोप है पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ से हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए गए थे। उत्तराखंड सघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि मंगलवार रामपुर तिराहे पर होटल चलाने वाले उत्तराखंड के गांव को सीबीआई ने पेश किया। उसने कोर्ट को बताया कि 1 अक्तूबर की रात आंदोलनकारी महिलाए होटल पर खाना खा रही थी। तभी पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया, जिससे मौके पर भगदड मच गयी। पुलिसकर्मियों ने बसों के शीशे तोड दिए। उसके बाद कुछ पुलिसकर्मी उसके होटल पर पहुंचे और कुछ महिलाओं से अभद्रता करते हुए उन्हें खींचकर ठाकुर के कमरे की तरफ ले गए। इस मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता गवाह से जिरह कर रहे है। जिसके बाद कोर्ट ने बुधवार को यानि अगले दिन 10 सितंबर को सुनवाई की जाएंगी। कोर्ट में उत्तराखंड संघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत चौहान, अभियोजन अधिकारी रिंकू वर्मा व सीबीआई के लोक अभियोजक धारा सिंह मीणा उपस्थित रहे।

## स्पेयर पार्ट्स की दुकान में लगी आग, जलकर हुआ सब कुछ खाक

**मुजफ्फरनगर, 09 सितंबर (बु.)।** सहारनपुर बस स्टैंड के समीप स्पेयर पार्ट्स की दुकान में आग लगने से दुकान में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की माने तो दुकान से धुआं उठता हुए देखकर आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को आग की सूचना दी। वहीं जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और दुकान का शटर खोलकर आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि तब तक आग से काफी नुकसान हो चुका था। मंगलवार सुबह सहारनपुर बस स्टैंड के समीप गणपति स्पेयर पार्ट्स दुकान में आग लग गयी। दुकान के शटर से धुआं बाहर आते हुए देखकर आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। दुकान मालिक दमकल विभाग को जानकारी देकर मौके पर पहुंचे। हालांकि कुछ देर बाद दमकल विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गयी। दमकलकर्मियों ने शटर को खुलवाकर आग को बुझाने का कार्य शुरू किया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दुकान मालिक नीटू ने बताया कि आग लगने की प्रथम दृष्टया विद्युत फॉल्ट सामने आ रहा है।



### पुलिस ने नाबालिग स्कूटी सवार के घर दी दबिश

**मुजफ्फरनगर, 09 सितंबर (बु.)।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के रैदासपुरी में स्कूटी से एक महिला को टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी नाबालिग युवक की तलाश में उसके घर पर दबिश दी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था। पुलिस ने मामले की जांच कि तो पूरा मामला नाबालिग से जुड़ा मिला। जानकारी के मुताबिक, कच्ची सड़क निवासी एक महिला से जुड़ा है जो सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार स्कूटी पर सवार एक नाबालिग ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी युवक स्कूटी लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर स्कूटी नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के घर दबिश दी, लेकिन वह घर पर नहीं मिला। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की तो मामला नाबालिग बैचेनी जुड़ा होना पाया गया जिसके बाद परिवार के लोगों से आरोपी के बारे में जानकारी ली गई। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी थी।

## मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता बहाल, अब नहीं होगा मऊ में उपचुनाव

**लखनऊ, 09 सितंबर (एजेंसी)।** माफिया मुख़्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता बहाल हो गई है। अब्बास अंसारी ने 2022 का विधानसभा चुनाव मऊ से जीता था। मऊ के एमपीएमएलए कोर्ट ने हेट स्पीच मामले में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद अब्बास की विधानसभा से सदस्यता खत्म कर दी गई थी। अब्बास अंसारी ने एमपीएमएलए कोर्ट के फैसले को इलाहाबाद हाई कोर्ट में चैलेंज किया था। हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया था। अब विधानसभा सचिवालय ने अब्बास अंसारी की सदस्यता बहाल करने का आदेश जारी किया है। विधानसभा की ओर से जारी आदेश में कहा गया, 'अब्बास अंसारी उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के समक्ष प्रस्तुत की गई पुनरीक्षण याचिका संख्या-3698/2025 में उच्च न्यायालय द्वारा अब्बास अंसारी के विरुद्ध पारित दोष सिद्ध के आदेश को



निलम्बित किया गया है। उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 20 अगस्त, 2025 को पारित आदेश के आलोक में अब्बास अंसारी की भारत का संविधान के अनुच्छेद-191 (ड.), सपठित धारा-8, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अंतर्गत मानी गई निरर्हता, न्यायालय द्वारा पारित किए जाने वाले आदेशों के अधीन, निष्प्रभावी मानी जाएगी।' मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के तत्कालीन विधायक अंसारी ने राज्य सरकार के अधिकारियों को 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी के सत्ता में आने पर कथित तौर पर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था ह्यमैंने अखिलेश भैया (पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव) से कहा है कि सरकार बनने के बाद, छह महीने तक नौकरशाहों का कोई तबादला या तैनाती नहीं होगी। सभी वहीं रहेंगे जहां वे हैं। पहले हिसाब-किताब होगा, उसके बाद ही तबादले होंगे।'

शाईन डेंटल एवं मेडिकल क्लीनिक

दाँतो का अत्याधुनिक हॉस्पिटल



अनेक समस्याएँ :-
1. ढीला एवं चुभने वाला जबड़ा
2. निकले हुए दाँत की खाली जगह
3. खाना चबाने में परेशानी

एक मात्र हल
डेंटल इम्प्लांट
द्वारा फिक्स दाँत

बिना चीरा, बिना दर्द, बिना टाँके के आधुनिक इलाज

डॉ. जतिन गुप्ता
B.D.S., M.D.S.
रूट कैनाल एवं इम्प्लांट विशेषज्ञ

डॉ. शिफाली गुप्ता
B.D.S., M.D.S.
रूट कैनाल एवं कॉस्मेटिक विशेषज्ञ

पूरे मुँह का एक्स - रे (OPG) की सुविधा उपलब्ध

मो0: 8791362345, 9045452123

महावीर चौक के पास, मुजफ्फरनगर

रविवार अवकाश

समय - सुबह 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक, शाम 5.00 बजे से 7.30 बजे तक



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए राहत पैकेज

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान करने के बाद हिमाचल और पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया। दोनों राज्यों के लिए राहत पैकेज की घोषणा की। पंजाब को 1600 करोड़ और हिमाचल को 1500 करोड़ के पैकेज की घोषणा की गयी है। प्रधानमन्त्री ने पीड़ितों से बात भी की उनकी पीड़ा को महसूस भी किया। पंजाब इस समय भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। बाढ़ के कारण सूबे में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। 15 जिलों में 3.87 लाख लोग व 4.56 लाख एकड़ फसल बाढ़ से प्रभावित हुई है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल के बाद पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया। इसके बाद वह गुरदासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित किसानों, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम से बातचीत की। इसके बाद मंत्रियों और अधिकारियों से मीटिंग की। पहले पीएम ने हेलिकॉप्टर से कुल्लू, मंडी और चंबा में हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद कांगड़ा में आपदा को लेकर एक बैठक की, जिसमें अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्हें नुकसान की जानकारी दी। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार हर संभव मदद करेगी। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। हिमाचल मीटिंग में मुख्यमन्त्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी मौजूद रहे। प्रधानमन्त्री ने मंडी, कुल्लू और चंबा जिले के 18 प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी आपबीती सुनी। उन्होंने एक साल की नितिका से भी मुलाकात की, जिसके माता, पिता और दादी की 30 जून को मंडी में बादल फटने से आई बाढ़ में मौत हो गई थी। प्रधानमन्त्री ने नितिका को पहले टॉफी दी और फिर उसे गोद में उठा लिया। यह भावनात्मक वीडियो काफी वायरल हुआ। 5 सितंबर को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमृतसर, गुरदासपुर और कपूरथला में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की थी। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने प्रधानमन्त्री मोदी के हिमाचल दौरे पर कहा कि प्रधानमन्त्री ने हिमाचल का हवाई सर्वेक्षण किया, जिसके बाद उन्होंने प्रत्येक क्षेत्र का व्यक्तिगत रूप से विश्लेषण किया और उन्हें एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया। उन्होंने प्रभावित लोगों से भी मुलाकात की। प्रधानमन्त्री ने दौरे के माध्यम से स्पष्ट कर दिया कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार और भारत सरकार एक हैं और वह हिमाचल के साथ खड़े हैं। लोगों से बात करते समय उनकी आंखों में आंसू थे। हम प्रधानमन्त्री के बहुत आभारी हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमन्त्री मोदी के हिमाचल दौरे पर कहा कि मैं प्रधानमन्त्री मोदी का धन्यवाद करता हूं कि आपदा की इस घड़ी में उन्होंने हिमाचल को बहुत बड़ी मदद दी है, वे पीड़ितों से भी मिले हैं और हिमाचल के लिए 1500 करोड़ के राहत पैकेज की घोषणा की है, इससे हिमाचल को बहुत मदद मिलेगी। ये बहुत बड़ी बात है। उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों से विस्तार से बात की, उन्होंने कहा कि वे इस क्षति में हिमाचल के साथ हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कांगड़ा हवाई अड्डे पर एक आधिकारिक बैठक की, जिसमें राहत और पुनर्वास उपायों की समीक्षा के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में हुए नुकसान का आंकलन भी किया। हिमाचल प्रदेश में कई भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं, जिससे जनजीवन और बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पंजाब मानसून की बारिश के कारण आई भारी बाढ़ से जूझ रहा है। प्रधानमन्त्री आवास योजना के तहत मंजूरी, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, प्रधानमन्त्री राष्ट्रीय राहत कोष के तहत राहत का प्रावधान और पशुधन के लिए मिनी किट भी जारी किए जाएंगे। कृषि समुदाय को सहायता प्रदान करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए, विशेष रूप से उन किसानों को अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी, जिनके पास वर्तमान में बिजली कनेक्शन नहीं हैं। प्रधानमन्त्री आवास योजना के तहत, क्षतिग्रस्त घरों की जियोटैगिंग की जाएगी। इससे नुकसान का सटीक आकलन करने और प्रभावित लोगों तक त्वरित सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी। निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए, स्कूल नुकसान की सूचना दे सकेंगे और उसे जियोटैग कर सकेंगे, जिससे समग्र शिक्षा अभियान के तहत समय पर सहायता मिल सकेगी। वर्षा जल के संग्रहण और भंडारण के लिए जल संचयन के लिए पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इन प्रयासों से भूजल स्तर में सुधार होगा और बेहतर जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने नुकसान की सीमा का आकलन करने के लिए हिमाचल प्रदेश का दौरा करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल पहले ही भेज दिए हैं और उनकी विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे की सहायता पर विचार किया जाएगा। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित किसानों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बांध टूटने दिहाड़ी टूटने और घर टूटने की बात रखी। प्रधानमन्त्री ने उन्हें मदद का विश्वास दिलाया और 2023 के मुआवजे पर स्पष्टीकरण मांगने का आश्वासन दिया। प्रधानमन्त्री ने करीब आधा घंटे किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। प्रधानमन्त्री ने एक-एक किसान और खेती मजदूरों को ध्यान से सुना। किसानों ने अवैध खनन, अवैध कटाई, धुस्सी की सही रिपेयर न होना धुस्सी टूटने का मुख्य कारण बताया गया। किसानों ने अपने सभी दुख तकलीफे पीएम के आगे बताये। किसानों ने बताया कि कई किसानों ने ठेके पर जमीनें ली हुई थीं, जो कि बाढ़ के कारण बर्बाद हो गई। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने प्रधानमन्त्री के आगमन से पूर्व कहा था कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी पंजाब आ रहे हैं, मैं उनका स्वागत करता हूं। मेरी तबीयत ठीक नहीं है, वरना मैं स्वयं आकर उन्हें सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करवाता। मैं उम्मीद करता हूं कि प्रधानमन्त्री पंजाब और पंजाबियों को इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए कोई अच्छा पैकेज या घोषणा करके जाएंगे और प्रधानमन्त्री ने 1600 करोड़ के पैकेज की घोषणा कर दी। पंजाब में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार की दो टीमें अपने दौरे के बाद केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी। भारत सरकार पंजाब के लोगों के साथ पूरी तरह खड़ी है। केन्द्र के इन राहत पैकेज से दोनों राज्यों की जनता को राहत अवश्य मिलेगी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'फिल्म' 'ग्रंथ' 'मूर्ख' 'कचरा'

झूटी बिजनेस की खबरों से बिगड़ी फिल्म नहीं चलती,  
फर्जी दाद से घटिया गजलें, घटिया ही रह जाती हैं।  
अभिनन्दन के ग्रंथ छपा कर मूर्ख नहीं बनते विद्वान,  
उनकी बोर पकाऊ रचना, कचरा ही रह जाती हैं।

# चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना पहली प्राथमिकताः उमेश मिश्रा

### - एमएलसी चुनाव को लेकर डीएम की मौजूदगी में मंथन शुरू - राजनीतिक दलों से चुनाव से जुड़े मांगे अफसरों ने सुझाव





मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)। यूपी में विधान परिषद की 11 सीटों पर 2026 में होने वाले स्नातक और शिक्षक क्षेत्र चुनाव की तैयारी जनपद में शुरू हो गई है, इनमें 5 स्नातक और 6 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 7 दिसंबर 2026 को समाप्त होने जा रहा है। ऐसे में निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया के साथ इस बार वोटरों की सुविधा को केंद्र में रखते हुए खास दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आगामी शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की विधान परिषद सीटों पर होने वाले चुनाव को ले कर मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह समेत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जनपद में शुरू चुनाव संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता सूची का कार्य पूर्ण करने के साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुविधाओं को लेकर मंथन किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्रों का निर्धारण पारदर्शी तरीके से किया गया है और यदि किसी दल या प्रतिनिधि को किसी प्रकार की आपत्ति या सुझाव हो तो उसे तत्काल लिखित रूप में प्रस्तुत किया जाए। बैठक में उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अफसरों और सहायक अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदेय स्थलों का चयन इस तरह से किया जाए कि मतदाताओं को कम से कम दूरी तय करनी पड़े, वहीं शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न होगी। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने चुनाव से जुड़ी हुई तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी तहसीलों के एसडीएम और तहसीलदार को विशेष रूप से जिम्मेदारियां सौंपी गई है। चुनाव की प्रत्येक प्रक्रिया की निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी न हो। बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इस बीच में कुछ केंद्रों को बदलने के साथ अपने सुझाव दिए। डीएम उमेश मिश्रा ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर से सभी मानकों का पूर्ण रूप से पालन कराया जाएगा।

## आयुर्वेद के नाम पर स्टेरॉयड दवाइयों के प्रति रहें सावधानः सुभाष चौहान

मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सुभाष चौहान ने कुछ आयुर्वेदिक दवाइयों की कंपनियों निर्माताओं पर लोगों को सेहत बनाने के नाम पर आयुर्वेदिक औषधि के नाम पर स्टेरॉयड मिलाकर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के प्रति सचेत किया। उन्होंने इसे गंभीर बताते हुए स्टेरॉयड लेने से बहुत अधिक दुष्परिणाम हमारे शरीर में होने की आशंका व्यक्त की। इसी तरह के एक मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में देखने को मिला है, जिसमें क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. ईशम सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए एक पत्र का संज्ञान लेते हुए बताया कि डॉ. विश्वास आयुर्वेद इंटरनेशनल प्रा. लि. कंपनी अम्बाला हरियाणा के विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेद नाम की दवाई के बैच नंबर डीबी-10003 के सैंपल में एलोपैथिक बेटामेथासोन स्टेरॉयड पाया गया, जोकि आयुर्वेद के साथ आम जनमानस के लिए बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने सभी आम जनमानस को इस प्रकार की दवाइयों से दूर रहने के लिए आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्टेरॉयड हमारे शरीर के लिए दूरगामी घातक दुष्परिणाम से युक्त हैं हमें इस तरह की दवाइयां लेने से बचना चाहिए।

## कुटुम्ब की रसोई गरीब लोगों के लिए बनी मददगार

### - चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने किया रसोई का शुभारंभ





मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर 'कुटुम्ब' की ओर से नगरीय क्षेत्र में गरीब एवं मजदूरी पेशा लोगों के लिए मददगार साबित हो रही है। इस आयोजन से गरीब लोगों में स्वाभिमान के साथ ही भरपेट भोजन योजना के माध्यम से एक बेहतर और पुण्य का काम किया जा रहा है। मंगलवार को रोटरी क्लब की ओर से 62वीं 5 रुपए में भरपेट खाना वाली रसोई का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने 5 रुपए में भरपेट भोजन परोसने के इस बेहतर अभियान की सराहना करते हुए समिति के सदस्यों का उत्साह बढ़ाया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष मयंक सिंघल के जन्मदिन पर आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में बड़ी धूमधाम के साथ जन्मदिन मनाते हुए उनकी लंबी आयु की कामना की। मंगलवार में आयोजित रसोई में 1200 से अधिक लोगों ने भोजन किया। इस दौरान चेयरपर्सन ने इस पुण्य कार्य के लिए रोटरी क्लब की पूरी टीम को बधाई देते हुए शुभ कामनाएं दी। आज की रसोई में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष मयंक सिंघल, सचिव वरुण मित्तल, कोषाध्यक्ष कपिल कुमार, प्रोजेक्ट चेयरमैन वैभव जैन और चिराग सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## न्यायालय द्वारा लोक अदालत जागरूकता रैली का आयोजन







मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविकांत अपर जनपद न्यायाधीश एवं सचिव सीताराम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया।

नगर क्षेत्र में निकाली रैली का उद्देश्य लोगों को अपने विवादों का निस्तारण जैसे बैंक विवाद यातायात विवाद भूमि विवाद आदि का निस्तारण सरल व सुगम न्याय हेतु जागरूक करने के लिए किया गया। रैली में प्रचार प्रसार हेतु मोटरसाइकिल आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता व पैरा लीगल वालंटियर, समाजसेवी संस्थाओं ने भाग लिया, जो जिला न्यायालय से होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए जिला न्यायालय में समाप्त हुई। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार 13 सितंबर को दीवानी न्यायालय परिसर मुजफ्फरनगर के अलावा न्यायालय बुढ़ाना, ग्राम न्यायालय जानसठ, ग्राम न्यायालय खतौली में किया जाएगा। एक्सेस टू जस्टिस संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र द्वारा इस दौरान समाज में फैली हुई कुरीतियां जैसे बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति आदि के प्रति जागरूकता हेतु प्रतिभाग किया। रैली में पैरालीगल वॉलंटिर धनीराम, गौरव मलिक, रजनी पंवार, संगीता, बबीता, अमित, सृष्टि आदि लोगों ने सहयोग किया।

आवश्यकता है

धर्मशाला (सराय) की देखभाल के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है।

कार्य का समय-
प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक

सम्पर्क करें-
M:8077582937

## शाहपुर में जैन समाज द्वारा मनाया गया क्षमावाणी पर्व

### - भगवान ऋषभदेव से भगवान महावीर तक जैन समाज के 24 तीर्थकरों ने दिया "जियो और जीने दो का संदेश" : सचिन संगल



शाहपुर, 09 सितम्बर (बु.)। नगर में सकल जैन समाज द्वारा क्षमावाणी पर्व बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया तथा पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने एक-दूसरे से मिच्छामि दुक्कड़म कहकर क्षमा याचना की और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। कस्बे के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में सोमवार की रात सकल जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित क्षमा वाणी पर्व पर आयोजित सभा में पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने कहा कि क्षमावाणी पर्व हमें आपसी वैमनस्य भुलाकर समाज में भाईचारे व सद्भाव स्थापित करने की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने कहा कि क्षमा मांग कर बड़े से बड़े विवाद को समाप्त किया जा सकता है। चाहे विवाद कितने ही दिन चले बाद में उसको समाप्त क्षमा मांग कर ही किया जाता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार सचिन संगल ने कहा कि जैन समाज मे दान, दया सर्वोपरि है दया और करुणा का भाव प्रत्येक जैन वीर के अंदर रहता है। सचिन संगल ने कहा कि "ऋषभ देव से महावीर तक एक अनूठी है श्रंखला, करुणा,अहिंसा,प्राणी सेवा जैन धर्म की खूबी है। दान में सबसे आगे रहते जैन बंधु इस धरती पर, धर्म के पथ पर धर्म से चलना जैन धर्म की खूबी है।" सकल जैन समाज के संरक्षक बालेश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि जैन धर्म का मूल आधार अहिंसा और क्षमा है। क्षमावाणी केवल एक पर्व नहीं बल्कि जीवन जीने का आदर्श है। हमें हर दिन दूसरों को क्षमा करने और उनसे क्षमा मांगने की आदत डालनी चाहिए, तभी समाज में शांति और सौहार्द कायम रह सकता है। कार्यक्रम में पुनीत जैन ने मां जिनवाणी की स्तुति की कार्यक्रम में दशलक्षण पर्व पर अपना विशेष सहयोग देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित जैन ने किया। इस अवसर पर ललित जैन, पत्रकार संदीप जैन,विजय गोयल, अमन सैनी, भाग्य शर्मा, विक्की जैन, वैभव जैन, संजीव जैन, श्रेणिक जैन, उमंग जैन के अलावा रुचि जैन व शैली जैन ने संबोधित किया। बालेश जैन, सतीश जैन, मदन जैन, शीलचंद जैन, राकेश जैन, ललित जैन, अमित जैन विक्की, उमंग जैन, दीपक जैन, संजीव जैन, श्रेनिक जैन, वैभव जैन, अमित जैन, अभिषेक जैन, पुनीत जैन, पंकज जैन, संजीव जैन, शुभम जैन, अनंत जैन, शकून जैन, पारस जैन, हर्षित जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सकल जैन समाज के महिला-पुरुष में बच्चे मौजूद रहे।

जमीन बिकाऊ

एक जमीन लगभग 6 बीघा गुलशन कैमिकल जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर के बराबर में जो की 2 तरफ Industrial नालो पर बिकाऊ है। जिसमे किसी भी प्रकार की फैक्ट्री लगाई जा सकती है जो Industrial Waste निकालती हो जैसे- Fertilizer, Dyes & Chemicals, Rubber Recycling जैसी Industry के लिए उपयुक्त है। खरीदने के लिए सम्पर्क करें।

M:8006008800

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार रूस बनेगा पार्टनर कंट्री



लखनऊ, 9 सितंबर (वार्ता) ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में लगातार तीसरे वर्ष होने जा रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) में इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने रूस को इस मेगा इवेंट में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है। रूस की ओर से भी इस आमंत्रण को स्वीकृत कर लिया गया है और इसकी जानकारी प्रदेश सरकार को दे दी गई है। इस मेगा इवेंट में रूस का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, उद्योग जगत के प्रमुख प्रदर्शक और सांस्कृतिक कलाकार शो का हिस्सा बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को यूपीआईटीएस 2025 का शुभारंभ करेंगे, जो 29 सितंबर तक चलेगा। इससे पहले 2024 में भी योगी सरकार की पहल पर वियतनाम को बतौर पार्टनर कंट्री यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सम्मिलित किया गया था। इस दौरान भारत और वियतनाम के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वियतनाम-इंडिया फोरम और यूपी-वियतनाम टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया गया था। 27 मई 2025 को भारत के मास्को स्थित दूतावास ने रूस के प्रमुख मंत्रालयों मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड हायर एजुकेशन तथा मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर को औपचारिक निमंत्रण भेजा था। इसके अलावा, रूस के प्रमुख व्यापारिक संगठनों जैसे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ रशिया, बिजनेस रशिया, ओपोरा रशिया और विभिन्न सेक्टर-विशेष ट्रेड बॉडीज़ से भी सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है। इसके जवाब में रूस की ओर से आमंत्रण को स्वीकार करते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में रूस की स्वीकृति पत्र भी प्रदेश सरकार को मिल चुका है। रूस की ओर से आने वाले डेलिगेशन में बैंकिंग, ऊर्जा, स्किलिंग, शिक्षा और आईटी/आईटीईएस सेक्टर से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगे। वे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्तर के अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही रूस का 9 सदस्यीय सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुति देगा, जिससे ट्रेड शो में भारत-रूस सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊर्जा मिलेगी। ट्रेड शो में एक विशेष 'डूइंग बिजनेस इन रूस' नॉलेज सेशन भी आयोजित होगा। इसमें भारतीय और उत्तर प्रदेश के उद्योगपतियों को रूस के व्यापारिक अवसरों और निवेश संभावनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## अफसरों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए भाकियू ने घेरा विकास भवन

### - विद्युत ट्रांसफार्मर का स्थान बदलने में देरी पर पनपा आक्रोश - ग्राम अलीपुर अटेरना में लगे ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग



मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के दर्जनों कार्यकर्ताओं व किसानों ने मंगलवार को गांव अलीपुर अटेरना में धनराशि जारी होने की संस्तुति के बाद विद्युत ट्रांसफार्मर को न बदले जाने को लेकर धरना दिया। अपनी मांग को लेकर विकास भवन पहुंचे भाकियू कार्यकर्ताओं ने सीडीओ कार्यालय पर धरना देते हुए जिले के अफसरों पर उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया गया। इस दौरान भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने विद्युत आपूर्ति में बाधक बनी व्यवस्था के लिए अफसरों को जिम्मेदार ठहराते हुए चेतावनी दी कि जब तक समस्याओं का समाधान न किया जाएगा तब तक उक्त धरना विकास भवन में जारी रहेगा। बाद में धरने पर पहुंचे सीडीओ के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया। विकास भवन में धरने पर बैठे भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष चौ. नवीन राठी ने सीडीओ को सौंपे ज्ञापन में बताया कि बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान ने बीते दिनों क्षेत्र के लोगों की मांग पर ग्राम अलीपुर अटेरना में सड़क के किनारे लगे ट्रांसफार्मर को पीछे करने के नाम पर अपनी निधि से 1.95 लाख रुपए की धनराशि दी थी, जिसे अधिकारियों द्वारा अभी तक अवमुक्त न किए जाने से उक्त कार्य नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत ट्रांसफार्मर के स्थानांतरित न होने के कारण किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक जिला प्रशासन की ओर से उक्त समस्या का समाधान नहीं किया जाता, उनका धरना जारी रहेगा। इस बीच विकास भवन में जारी धरने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने किसानों से बात की और उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि विधायक निधि से जारी धनराशि टेक्निकल वजह से जारी नहीं हो पाई थी, जिसमें सुधार किए जाने के लिए डीआरडीए पीडी की ओर से शासन स्तर पर फिर से पत्र जारी कर दिया गया है। वहीं विद्युत विभाग के अफसरों को धनराशि आने से पूर्व ग्राम अलीपुर अटेरना में ट्रांसफार्मर को बदलने के कार्य को शुरू किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि समय से विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया पूर्ण हो सके। इस बीच भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने सीडीओ के आश्वासन के बाद धरना समाप्ति की घोषणा कर दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि चार दिनों में काम शुरू नहीं किया गया तो भाकियू पूरे लाव- लश्कर के साथ फिर से सीडीओ कार्यालय पर धरने पर बैठने के लिए विवश होगी।

## 'नए जीएसटी सुधार 2025' विषय पर इन्फोटेनमेंट क्लब की ओर से विशेष गतिविधि का आयोजन





मुजफ्फरनगर, 09 सितम्बर (बुस.)। आज एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज इन्फोटेनमेंट क्लब के तत्वावधान में "नए जीएसटी सुधार 2025" विषय पर एक विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नवीनतम जीएसटी सुधारों से अवगत कराना और उनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष प्रभावों को समझाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीएसटी देश की कर व्यवस्था में एक ऐतिहासिक सुधार है, जिसने कराधान प्रणाली को सरल, पारदर्शी और एकीकृत बनाया है। नए जीएसटी सुधार 2025 के अंतर्गत सरकार ने आम आदमी और व्यापारिक समुदाय दोनों के लिए अनेक रियायतें और सुविधाएँ प्रदान की हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त और गतिशील बनाएँगी। इस अवसर पर बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में संजय शर्मा, बीबीए संकाय सदस्य ने विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने "नए जीएसटी सुधार 2025" की मुख्य विशेषताओं को विस्तार से समझाया। संजय शर्मा द्वारा बताए गए प्रमुख बिंदु साधारण कर संरचना - नए सुधारों के अंतर्गत छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप्स के लिए कर स्लैब को सरल बनाया गया है। डिजिटल सुविधा- जीएसटी रिटर्न भरने की प्रक्रिया को और अधिक डिजिटल एवं उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया गया है।

संजय शर्मा ने आगे बताया कि हाल ही में किए गए सुधारों ने जीएसटी ढांचे को काफी सरल बना दिया है। अब दो स्लैब की प्रणाली अपनाई गई है। 5% और 18% पहले जो 12% और 28% की दरें थीं, उन्हें हटा दिया गया है। इस बदलाव से कर व्यवस्था अधिक पारदर्शी और समझने में आसान हो जाएगी। उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों के लिए यह प्रणाली सुविधाजनक होगी, क्योंकि कम स्लैब होने से भ्रम की स्थिति कम होगी और कर अनुपालन भी सरल बनेगा। इसके साथ ही, रोजमर्रा की उपभोक्ता वस्तुओं के दाम भी सस्ते हो गए हैं, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। डॉ. संदीप मित्तल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में यह भी कहा कि विद्यार्थी यदि आज से ही आर्थिक नीतियों को समझना शुरू कर दें, तो भविष्य में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होंगे। राजीव पाल सिंह ने भी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह समय भारत की अर्थव्यवस्था के लिए परिवर्तनकारी है। इस अवसर पर कॉलेज के सभी बीबीए संकाय सदस्य डॉ. संगीता गुप्ता, प्राची, मोहम्मद अंजार, पूर्वी, सोनिका, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, अमित, सतीश, शशांक भारद्वाज, पवन कुमार एवं लवी एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में इन्फोटेनमेंट क्लब की टीम ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## देवरिया में ट्रेन की बोगी को छोड़कर दौड़ा इंजन



देवरिया, 09 सितम्बर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के नूनखार रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को छपरा-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का इंजन बोगियों से अलग होने से यात्रियों में सनसनी फैल गई। इंजन को कुछ देर बाद ट्रेन की बोगी से जोड़कर गोरखपुर के लिये रवाना किया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि बिहार के छपरा से गोरखपुर जानेवाली इंटरसिटी ट्रेन आज गोरखपुर जा रही थी कि देवरिया जिले के नूनखार स्टेशन पर इंजन ट्रेन की बोगी को छोड़कर करीब 200 मीटर तक आगे दौड़ गया था।जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने बताया कि जानकारी मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर 10 मिनट में इंजन को बोगियों से फिर से जोड़ दिया और ट्रेन को गोरखपुर के लिए रवाना कर दिया गया। उन्होंने बताया इंटरसिटी एक्सप्रेस का कपलिंग खुलने से इंजन बोगी से अलग हो गयी थी और इंजन आगे बढ़ने लगा और बोगियां वहीं रुक गईं। जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ यात्री घबराकर ट्रेन से उतरने लगे थे। वहीं यात्रियों का कहना है कि यह एक बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि अगर यह घटना तेज गति से होती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। यात्रियों ने रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये हैं तथा नियमित तकनीकी जांच की मांग की है। रेलवे ने घटना की जांच शुरू कर दी है ताकि इसके तकनीकी कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

